विजेता जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड, पचम्बा, बेगूसराय सदर

द्वारा–संतोष कुमार सिंह, ग्राम –पचम्बा, पो0–सुहृद नगर, जिला –बेगूसराय, पिन–851218

निबंधन संख्या– BR/03/01/OTH/2021, दिनांक– 20-01-2024

पत्रांक– BGS/VIJETA/CLF/PACH/79/24-25 दिनांक– 19/09/2024

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विजेता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पचम्बा, बेगूसराय सदर द्वारा सदर अस्पताल, बेगूसराय में संचालित 'जीविका दीदी की रसोई ' के सुगमता पूर्वक सफल संचालन हेतु संविदा के आधार पर कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager) पद पर नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है–

क. सं.	पद का नाम	पद की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वांछित योग्यता	उम्र	मानदेय (प्रतिमाह समेकित)
01	कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager)	01 (UR)	होटल प्रबंधन/केटरिंग तकनीक (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (BHM)/बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT)/बीएससी इन हास्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन/बीए इन होटल मैनेजमेंट/बीबीए इन हास्पिटैलिटी/बीबीए इन होटल मैनेजमेंट/ होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा।	आवेदन हेतु उम्मीदवार के पास कैंटीन, होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधन के कार्य में कम से कम दो वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।	21 से 45 वर्ष (आयु की गणना विज्ञापन जारी होने की तिथि से की जायेगी।)	20,000/– से 30,000/–

1. कंप्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए।
2. व्यवहार कुशल होना चाहिए।
3. नियोजन अवधि– मानदेय आधारित उक्त पद संविदा आधारित होगा, जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
4. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी ना तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और ना ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
5. किसी भी सार्वजनिक पद अथवा चयनित प्रतिनिधि (मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/पंच/सरपंच/वार्ड सदस्य/अन्य किसी पद) के पद पर कार्यरत नहीं होना चाहिए।

चयन प्रक्रिया (समय सारणी) :

- इच्छुक व्यक्ति आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के अंदर अपना आवेदन/बायोडाटा शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र/अंकलन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ हाथों हाथ या डाक के माध्यम से विजेता जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड,पचम्बा, बेगूसराय सदर (द्वारा–संतोष कुमार सिंह, ग्राम–पचम्बा, पो0–सुहृद नगर, जिला –बेगूसराय, पिन–851218) कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
- संकुल संघ द्वारा योग्य एवं अयोग्य आवेदकों कि सूची दिनांक:...08.../...10.../2024 तक प्रकाशित की जाएगी।
- प्रकाशित सूची में अयोग्य आवेदकों द्वारा संकुल संघ के समक्ष दिनांक:...17.../...10.../2024 तक आपत्ति दर्ज किया जा सकता है।
- साक्षात्कार दिनांक:...22.../...10.../2024 तक संकुल संघ द्वारा आयोजित की जाएगी।

विशेष जानकारी के लिए दूरभाष सं0–7482990586, 7549575378 पर सम्पर्क किया जा सकता है। दिनांक:...05.../...10.../2024 को अपराह्न 05 बजे के पश्चात कार्यालय में उपलब्ध कराए गए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अध्यक्ष

विजेता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड,पचम्बा, बेगूसराय सदर

धर्मेशरी कुमारी

(मुहर: निबंधन संख्या BR/03/01/OTH/2021, पचम्बा, बेगूसराय)